# कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

E-Mail : cfkumaon_north@rediffmail.com ☎ (05962) 231099 (05962) 230397 Fax 230397

पत्रांक / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 7 - 2 - .2022.

प0 - 3228 / 12-1-(2)

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।

विषय :– जनपद– बागेश्वर मे बिलखेत–गैराड–भारू– चौबट्टा मोटर मार्ग का ढालन तक विस्तार मोटर मार्ग निर्माण हेतु 2.97 है0 वन भूमि के सम्बन्ध में गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं 10596 / 2015।

संदर्भ :– आपका पत्रांक 2741 / 12–1 (2) दिनांक 19.01.2022।

महोदय,

संदर्भित पत्र के क्रम में आप भारत सरकार के ऑन लाईन पत्रांक 8बी / यू0सी0पी0 / 06 / 148 / 2015 / एफ0सी0 / 2601 दिनांक 17.02.2020 का अवलोकन करें, जिसमें भारत सरकार द्वारा तीन बिन्दुओं पर आख्या मांगी गयी है। आपके द्वारा संदर्भित पत्र से प्रेषित प्रतिउत्तर बिन्दुवार स्पष्ट नही है। बिन्दु सं0– 1 व 2 का प्रतिउत्तर भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों के अनुरूप बिन्दुवार प्रेषित किया जाय। बिन्दु सं0– 3 के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव की मूल प्रति प्राप्त करवाने विषयक निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध में मूल प्रति उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में भी स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें। आपके द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव की मूल प्रति अब उपलब्ध करायी गयी, उसकी संगत रसीद भी उत्तर के साथ प्रस्तुत करें।

भवदीय,

(प्रवीण कुमार)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

पत्रांक 4014/12-1-2 दिनांक-08/2/2022

अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग कपकोट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अल्मोड़ा द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार प्रतिउत्तर प्रेषित करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग
बागेश्वर

पंजीयन संख्या 4014
दिनांक 8/2/2022
शाखा ....
फाइल संख्या 12-1-2
आवश्यक कार्यवाही करें।

व0 प्रशा0 अधि0 — प्र0 व0 अ0